तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

11 सुशासन तिहार शिविर में 205 आवेदन मिले, 105 का मौके पर निराकरण



12 शहीद गैंद सिंह नायक महाविद्यालय मंगचुवा में ...





## खबर संक्षेप

### घरेलू विवाद में महिला ने पति और ससुर के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**बालोद।** घरेलू विवाद के कारण महिला द्वारा अपने पति व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आवास पारा ग्राम कामता निवासी टिकेश्वरी ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी 2011 में पुरन लाल कुल्हारे के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ है, मेरे दो लड़की है, मै अपने पति पुरन लाल कुल्हारे, ससुर जयलाल, सास देवकी बाई जेठ जेठानी एवं परिवार के साथ रहती हूं। मेरा पति पुरन लाल कुल्हारे आये दिन शराब पी कर मुझे गालीयां देते रहते है एवं दो लड़कियां हुई है कह कर मुझे ताना मारते है, मेरी दोनो लड़की को पराई घर जाओगी, मेरे क्या काम आओगे, तुम दोनो को पढ़ा के क्या करूंगा बोलता है। मुझे अपने सगे भाई के सादी में मायके जाने नही दिया, मै अपने पडोसी भाई के शादी में सम्मिलित होने जाना है, बोलने पर मेरा पति मुझे गाली देते हुए घर से निकल जा बोलने पर मैं बच्चो के साथ घर से निकल गई थी, दुकान में बच्चो के लिए किराना दुकान से बिस्किट खरीद रही थी, उसी समय मेरा ससुर जयलाल कुल्हारे आकर मुझे घर चलने बोला, मै मना की तो ससुर जयलाल के द्वारा काफी उतावले में आकर मारपीट किया है।

### मछुआ समिति को मिला एक लाख का मछली जाल



**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम मंगलतराई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर मे मत्स्य पालन विभाग द्वारा मछुआ समिति खुसऍटिकुर को योजना के तहत लगभग 01 लाख रुपए मूल्य का मछली जाल प्रदान किया गया। समिति के सदस्यों के लिए यह केवल सहायता नहीं, बल्कि उनकी आजीविका को सशक्त करने का एक बड़ा माध्यम है। मछली जाल प्राप्त करने के बाद समिति के सचिव आशाराम कुंजाम ने बताया कि वे लंबे समय से पारंपरिक रूप से मत्स्य पालन कर अपने परिवार का भरण–पोषण कर रहे हैं। उनकी समिति में 21 लोग जुड़े हुए हैं, मछली पालन के कार्य से उन सभी के परिवार की आजीविका चल रही है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण जाल मिलने से अब वे बड़े पैमाने पर मछली पकड़ सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। सुशासन तिहार के माध्यम से आज शिविर में हमें यह सहायता मिली है, जो हमारे काम को बहुत आसान बना देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मछुआरों के कल्याण के लिए निरंतर लाभकारी योजनाएं चला रही है, जिसका सीधा लाभ उन तक पहुँच रहा है।

### 16 को मनाया जाएगा कबीर साहेब प्राकट्य महोत्सव

**बालोद।** सद्गुरू श्री कबीरघाट धर्मानुरागी समिति मोहलाई द्वारा सद्गुरू श्री कबीर साहेब का प्राकट्य महोत्सव एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती का आयोजन 16 मई को कबीरघाट मोहलाई में किया गया है। जिसमे महात्मा लेखचंद साहेब अपनी संत मंडली सहित ज्योतिकुंज मुरमुदा से पधारेंगे। जिसमे गुरू पूर्णिमा महापर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। गुरू पूर्णिमा महापर्व का संपूर्ण सहयोग डॉ प्रकाश देवागन, पद्मनी देवांगन, कविता देवांगन, दीक्षा देवांगन, जीविका देवांगन तथा वि"ाश सहयोग महंत सजनूदास साहेब का रहेगा। समिति में शेष पेज 10 पर



दो साल से अधूरी पड़ी पानी टंकी ग्रामीण परेशान

# अधूरे जल जीवन मिशन कार्य का पूर्णता प्रमाण पत्र मांगने पहुंचे ठेकेदार, पंचायत ने लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

जल जीवन मिशन के कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा पंचायतो से अधुरे कार्यो का पूर्णता प्रमाण पत्र मांगने की शिकायते लगातार सामने आ रही है। कई पंचायतो ने अधूरे कार्य का पूर्णता प्रमाण पत्र दे दिया, तो कई सजग पंचायत ठेकेदारो को बरैंग लौटा रही है। ताजा मामला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोहारडीह के आश्रित ग्राम मुजगहन उर्फ अखराभाठा का है। लगभग 90 घरो वाला 500 की आबादी वाला छोटा सा ग्राम मुजगहन में भी जल जीवन मिशन ठेकेदार व विभाग की लापरवाही से पानी की किल्लत बनी हुई है। ग्राम में लगभग सभी घरो में कनेक्शन हो गया है, लेकिन टंकी प्रारंभ नही हुई है। टंकी से पानी की आपूर्ति नही होती, इसलिए कहना मु"कल है कि टंकी के निर्माण कार्य की स्थिति कैसी है। पंचायत ने बताया टंकी बनी है, लेकिन टेस्टिग नही हुई है, घरो में लगे कनेक्शन से पानी की आपूर्ति नही होती। पंचायत द्वारा अपने बोर से मोटर पंप से सीधे पानी दी जा रही है। बताते है कि मात्र 20 घरो में पानी आ रहा है। शेश ग्राम में लगे स्टैंड पोष्ट व हैण्डपंपो से पानी की व्यवस्था कर रहे है। ग्रामीण बताते है कि टंकी लगभग दो साल से बनकर खड़ी है। उसकी न चारदीवारी बनी है और ना ही पंप हाउस बना है।

### टेस्टिंग बिना प्रमाण पत्र देने से पंचायत का इनकार

सरपंच बोहारडीह राजेन्द्र साहू ने बताया टंकी की टेस्टिंग हमारे सामने नही हुई है, टंकी कैसी बनी है नही पता। चार दीवारी अधुरा है व पंप हाउस नही बना है। हमसे ठेकेदार पूर्णता प्रमाण पत्र मांगने आया था, हमने कार्य पूर्णता होने एवं प्रत्येक घर में पानी पहुंचने के बाद ही प्रमाण पत्र देने की बात कह कर प्रमाण पत्र देने से मना किया है।

## दल्लीराजहरा सीवरेज कांड : 18 लाख सहायता की घोषणा पर उठे सवाल

# सीवरेज पाइपलाइन हादसे में तीन मजदूरों की मौत पर फूटा आक्रोश, मुआवजे और कार्रवाई की मांग तेज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

नगर के डीएवी स्कूल के पास सीवरेज पाइपलाइन कार्य के दौरान 10 फीट गहरे गड्ढे में मिट्टी धंसने से तीन मजदूरों किशुन कुमार, राकेश कुमार और बैशाखिन की दर्दनाक मौत के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी शासन, जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार एजेंसियों की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

घटना के विरोध में विभिन्न श्रमिक संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा सत्ता पक्ष और विपक्ष से जुड़े लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर बैठक आयोजित की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत राशि और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

बीएसपी अस्पताल में प्रशासन, बीएसपी प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों और मृतकों के परिजनों के बीच हुई बैठक में मृतक परिवारों को 18-18 लाख रुपये सहायता देने पर सहमति बनी, जिसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई गई। हालांकि बाद में स्पष्ट हुआ कि यह राशि एकमुश्त नहीं होगी। इसमें 5 लाख रुपये श्रम विभाग, 5 लाख रुपये ठेकेदार, 2 लाख रुपये सीएसआर मद तथा 50 हजार रुपये नगद सहायता शामिल है। शेष राशि अन्य मदों एवं प्रक्रियाओं के तहत दिए जाने की बात कही गई है। इसको लेकर पीड़ित परिवारों और क्षेत्रवासियों ने सवाल उठाए हैं कि राशि कब तक मिलेगी और इसकी लिखित गारंटी कौन देगा।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल:** घटना को लेकर सबसे गंभीर आरोप सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मजदूरों को बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के 10 फीट गहरे गड्ढे में काम करने उतारा गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के शेष पेज 10 पर

### पीड़ित परिवारों ने मांगा न्याय

मृतक मजदूरों के परिजनों ने कहा कि परिवार का कमाने वाला सदस्य खोने के बाद उनका भविष्य संकट में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें केवल आश्वासन नहीं बल्कि न्याय और तत्काल मुआवजा चाहिए। अपर कलेक्टर सी.के. कौशिक ने कहा कि प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है तथा पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन संबंधी बिंदुओं की भी जांच की जाएगी। एसडीएम सुरेश साहू ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाना है और विस्तृत जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं अनिला भेड़िया ने कहा कि शासन स्तर पर पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। तोरण लाल साहू ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने की बात कही। बीएसपी महाप्रबंधक आर.बी. अहिरवार ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है तथा मृतक परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

## नीट-यूजी पेपर लीक के विरोध में छात्रों और पालकों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे जिले में भारी आक्रोश देखने को मिला। डॉक्टर बनने का सपना संजोए छात्र-छात्राओं और उनके पालकों ने केंद्र सरकार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी तथा परीक्षा प्रणाली के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की।

सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक एकजुट होकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पालकों का गुस्सा साफ तौर पर नजर आया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देशभर के लाखों विद्यार्थी दिन-रात कठिन मेहनत कर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हैं। कई परिवार अपनी गाढ़ी कमाई कोचिंग, किताबों और बच्चों के भविष्य पर खर्च कर देते हैं, लेकिन हर वर्ष सामने आने वाले पेपर लीक और परीक्षा घोटालों ने पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।छात्रों का कहना था कि बार-बार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में गड़बड़ी होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला है। यदि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाएं भी सुरक्षित नहीं रह गई हैं, तो मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य आखिर किसके भरोसे रहेगा।

**मेहनत करने वालों के साथ अन्याय:** प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि जो विद्यार्थी सालों तक मेहनत करते हैं, वे मानसिक तनाव और असुरक्षा में जीने को मजबूर हो गए हैं। परीक्षा परिणामों पर भरोसा खत्म होता जा रहा है। छात्रों का आरोप है कि शेष पेज 10 पर

## कनेरी में अवैध शराब-गांजा बिक्री से ग्रामीण परेशान

# सरपंच व ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

सरपंच ग्राम पंचायक कनेरी व ग्रामीणों ने ग्राम में अवैध रूप से शराब एवं गांजा विक्रेताओ के उपर कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में मांग किया गया है कि गुरूर तहसील के ग्राम कनेरी में अवैध रूप से शराब एवं गांजा की ब्रिकी जोरो पर है। इसकी शिकायत लिखित एवं मौखिक रूप से पुलिस प्रशासन को किया गया है, परंतु कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पिछले सुशासन तिहार कैम्प धनोरा की शिकायत पत्र की छायाप्रति संलग्न की है। बताया गया कि यहां मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 में यह कार्य किया जा रहा है। साथ ही 02–03 शराब विक्रेता मोटर साईकिल की डिक्की में रखकर घूम घूम का खुलेआम शराब विक्रय कर रहे हैं।

■ स्कूलों के आसपास नशे का कारोबार, महिलाओं और बच्चों में डर का माहौल

इन वार्डों के आसपास ग्राम के मुख्य मार्ग भेजा व नवागांव पहुंच मार्ग कंकालीन मंदिर पहुंच मार्ग है। पास में प्राथमिक शाला कनेरी, आंगनबाडी केन्द्र सरस्वती शिशु मंदिर, हायर सेकेण्डरी स्कूल संचलित है। अवैध रूप से शराब गांजा विक्रय होने से ग्राम के सांथ अन्य ग्रामो से व्यक्तियों का आना–जाना रहता है। कई बार लड़ाई झगडा हो चुका है। कई प्रकार संदिग्ध व्यक्तियो के आने–जाने से ग्राम का वातावरण अशांत हो गया है। छोटे–छोटे बच्चे भी नशापान के गिरफ्त में है। ग्राम का माहौल दिन–ब–दिन बिगड़ते जा रहा है। माहेल खराब होने से महिलाएँ एवं बच्चे डरे हुए हैं। शेष पेज 10 पर

## खबर प्रकाशित होते ही हरकत में आई पंचायत

# डेढ़ साल से अटका ओपन जिम कार्य आखिरकार हुआ शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम पंचायत हसदा में ढेड़ साल पूर्व स्वीकृत ओपन जिम का रुका हुआ कार्य समाचार प्रकाशन के बाद कार्य प्रारंभ हो गया। ग्राम पंचायत हसदा में जिला खनिज न्यास निधि से 10 लाख रूपये ओपन जिम व गार्डन निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया था। स्वीकृति 2024–25 में दी गई थी। 2024 में ही पंचायत ने राशि आहरित कर ली थी लेकिन कार्य पुर्ण नही कराया था। मामले में समाचार प्रकाशन के बाद पंचायत ने आनन फानन में कार्य स्थल अधुरे सूचना बोर्ड को पुरा किया गया। समाचार प्रकाशन के बाद कार्य स्थल पर सामग्री भी गिराना प्रारंभ कर दिया है। पंचायत सचिव टीकाराम निशाद ने कहा सूचना बोर्ड दिया गया है एवं निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। उप अभियंता व्यास नारायण ने कहा हसदा पंचायत ने जिम निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है जल्द ही पुरा हो जाएगा।

## शराब दुकान पर ग्रामीणों ने लगाए आरोप

# बिल नहीं देने और कोचियों को संरक्षण देने, दुर्व्यवहार की भी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

नगर में संचालित शराब दुकान में ग्रामीणों से दुर्व्यवहार करने, मांग के अनुरूप देशी शराब नहीं देने एवं कोचियों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया जा रहा है। शराब दुकान में किसी को बिल भी नहीं जाता। अब अवैध शराब विक्रय के खिलाफ ग्रामीण व पंचायते कार्यवाही के लिए पत्र लिखने लगी है।

नगर में संचालित देशी व अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान में इन दिनों कोचियों का बोलबाला है। गांव गांव में शराब विक्रेता सक्रिय हो गए है। वहीं ढाबों में भी अवैध रूप से शराब बिक्री का आरोप लग रहा है। मगर कार्यवाही के नाम पर महज खाना पूर्ति की जा रही है। बीते कुछ दिनों से देशी शराब की किल्लत थी। अप्रैल के प्रारंभिक दिनों में तो नगर में देशी शराब ही



नहीं मिल रही थी। अब देशी शराब उपलब्ध है लेकिन आरोप है कि ग्रामीणों को उनकी मांग के अनुरूप देशी शराब नहीं मिल पा रही है, वहीं कथित कोचियों को भरपूर मात्र में देशी शराब उपलब्ध हो रही है। शासन ने वर्तमान में एक व्यक्ति को अधिकतम 24 पौवा देशी शराब खरीदने की सीमा तय की शेष पेज 10 पर

## सहकारी समितियों में आधी मात्रा में खाद वितरण से बढ़ी परेशानी

# खाद कटौती से भड़के किसान, कलेक्टोरेट पहुंचकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

प्रदेश सरकार की किसानो को खाद उपलब्ध करवाने की आधी-अधूरी और कटौती वाली व्यवस्था से बिफरे किसान,जनप्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंच जताई नाराजगी तथा व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर धरना आंदोलन की उठाई आवाज।

अवगत हो छत्तीसगढ़ प्रदेश को 'धान का कटोरा' के नाम से जाना जाता है और यह पहचान यहां के मेहनतकश किसानों के अथक परिश्रम व कृषि में समसामयिक नवाचार, आधुनिक तरीके के लगातार प्रयोग से स्थापित है। पूरे प्रदेश सहित दुर्ग जिले के किसान इस वर्ष मौसम विभाग के 90 प्रतिशत मानसून की संभावनाओं के बीच खेती किसानी में जुट गए हैं। खेती में फसल उत्पादन का मुख्य आधार खाद उर्वरक होता है। सरकार किसानों जिसमे ऋणों कृषकों को सहकारी समितियों के माध्यम से तथा अऋणी कृषकों को खुले



बाजार से जरूरी उर्वरक जैसे डी ए पी,यूरिया, सिंगल सुपर फास्फेट,पोटास सहित अन्य मिश्रित खाद समय में उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी होती है वर्तमान हालात यह है कि अप्रैल माह में खाद का अग्रिम उठाव नहीं होने से चिंतित किसान सीधे सोसायटी पहुंच रहे है जहां पर प्रति एकड़ मिलने वाले एक बोरी डीएपी की जगह सिर्फ 25 किलोग्राम ,दो बोरी यूरिया के स्थान पर सिर्फ एक बोरी,पोटास में भी भारीभरकम कटौती, एस एस पी भी दो बोरी के जगह एक बोरी ही दिया जा रहा है साथ ही चार एकड़ से ज्यादा खाते धारक को इसी अनुपात में आधी मात्रा अभी और बचत मात्रा 20 दिन बाद दिए जाने से किसान परेशान व आक्रोशित है। यूरिया खाद को छोड़कर बाकी सभी खाद डीएपी, एसएसपी,पोटास ये आधार खाद है जिसका उपयोग सीधे बीज बोनी के समय खेतों में डालना होता है यह खाद अभी उपलब्ध नहीं होगा तो फसल उत्पादन में सीधे नुकसान होना निश्चित है।इधर अऋणी कृषकों के लिए खुले बाजार खाद उपलब्ध नहीं है और एक तरह से अघोषित रोक सरकार की स्पष्ट नीति निर्देश नहीं होने से लगा हुआ है। इन परिस्थितियों में किसान अपनी पीड़ा को लेकर कलेक्टर से गुहार लगा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप छः सूत्रीय मांगों के निराकरण की बात कही है।

जिसमें खाद की बिक्री उपलब्धता की स्पष्ट नीति की घोषणा, डीएपी,यूरिया सहित सभी खाद प्रति एकड़ पूर्व में अनुशंसित मात्रा के हिसाब से प्रदाय, पांच एकड़ से ज्यादा वाले कृषकों को खाद दो किश्त के बजाय एक बार में ही दिया जावे, खाद के साथ दिए जाने वाले गैर जरूरी खाद सामग्री लादन पर रोक लगाई जावे, सहकारी समिति में कृषक की साख सीमा पूर्ववत की तरह 60:40 किया जावे और खुले बाजार में खाद विक्रय की ठोस नियंत्रित व्यवस्था लागू करने जैसे विषय रखा गया है।

आज के ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से कांग्रेस सहकारिता शेष पेज 10 पर

## संगीता सिन्हा को दिल्ली में मिला महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र



**गुरुर।** क्षेत्रीय विधायक एवं नव नियुक्त छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा को दिल्ली में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने नियुक्ति पत्र सौपा।

संगीता सिन्हा राष्ट्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली प्रवास पर है। इस दौरान उन्होने महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। अल्का लांबा ने संगीता सिन्हा को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस भेंट के दौरान अल्का लांबा एवं संगीता सिन्हा के मध्य छत्तीसगढ़ मे महिला कांग्रेस को सक्रिय करने एवं प्रदेश स्तर पर प्रभावशाली कार्य करने के साथ महिला कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान अल्का लांबा ने कई टिप्स संगीता सिन्हा को दिए।

## खबर संक्षेप

### 16 को लता मंगेशकर और आशा भोसले को सुरों से दी जाएगी श्रद्धांजलि

**बालोद।** संगीत जगत की दो महान हस्तियां लता मंगेशकर एवं आशा भोसले की स्मृति में बालोद के कलाकारो द्वारा इनके गाये हुए नगमो को उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप प्रस्तुत अकिया जाएगा। आयोजन 16 मई शनिवार को शाम 7 बजे से जय स्तंभ चौक बालोद के पास होगा।

### शून्य दुर्घटना के साथ लैडल लाइफ का नया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने इस्पात निर्माण के क्षेत्र में स्टील लैडल लाइफ में नया कीर्तिमान बनाया है। सिलिकॉन किल्ड स्टील में अब तक की सर्वश्रेष्ठ 153 हीट्स की स्टील लैडल लाइफ प्राप्त किया है। इसके पूर्व एसएमएस-3 द्वारा स्थापित 148 हीट्स के रिकॉर्ड था। यह रिकार्ड रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग, एसएमएस-3 विभाग तथा सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड, सेलम (एसआरसीएल) के उत्कृष्ट समन्वय, तकनीकी दक्षता एवं सामूहिक प्रयासों से बना है । रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति एवं प्रभावी एप्लीकेशन में एसआरसीएल की भूमिका महत्वपूर्ण रही। सीजीएम प्रोसेनजीत दास व त्रिभुवन बैठा के नेतृत्व में सेक्शन प्रभारी सहायक मोहम्मद साबिर, एजीएम जेआर मारकंडे व उप प्रबंधक हर्ष वर्धन सिंह, जीएम हिमांशु भूषण मलिक, डीजीएम मोहम्मद जावेद अंसारी की टीम का योगदान रहा।153 हीट्स की यह रिकॉर्ड लैडल लाइफ सभी संबंधित टीमों के अथक परिश्रम, सतत मॉनिटरिंग, यह उपलब्धि शून्य दुर्घटना के साथ हासिल की गई।

### गार्डन की जमीन पर कब्जा कार्रवाई के निर्देश

**दुर्ग।** जयंती नगर वार्ड-16 स्थित मिनी गार्डन हेतु घोषित रिक्त भूमि पर मनोज गुप्ता एवं उषा गुप्ता द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा किए जाने की शिकायत पर महापौर अल्का बाघमार ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिकायत मिलते ही महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार, एमआईसी मेंबर देव नारायण चन्द्राकर, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी एवं उप अभियंता पंकज साहू उपस्थित रहे। वार्डवासियों ने बताया कि संबंधित स्थल पर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है, जिससे मिनी गार्डन निर्माण की योजना प्रभावित हो रही है।

# 21 हजार उपभोक्ताओं ने पीएम बिजली बिल भुगतान योजना का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरुप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 8 मई तक कुल 21543 सक्रिय उपभोक्ताओं द्वारा 1 करोड़ 89 लाख 56 हजार रुपए से अधिक की राशि जमा की जा चुकी है। आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2023 की स्थिति में कुल 30666 सक्रिय उपभोक्ता समाधान योजना के तहत पात्र चिन्हित किए गए हैं, जिन पर 16 करोड़ 97 हजार 546 रुपए बकाया राशि है।
सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल ने बताया कि अब तक दुर्ग क्षेत्र के 30458 निष्क्रिय उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेते हुए 36 लाख 33 हजार रुपए से अधिक की राशि जमा कर दी है। उल्लेखनीय है कि इन उपभोक्ताओं पर 18 करोड़ 03 लाख 69 हजार रुपए बकाया था, जिसमें से शेष राशि को पात्रता अनुसार माफ कर दिया गया है। विभाग द्वारा बकायादारों से लगातार अपील की जा रही है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने पुराने बिजली बिलों के बोझ से मुक्त हों। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के तहत 31 मार्च 2023 से पहले के बकाया बिलों पर बड़ी राहत दी जा रही है, जिसमें निष्क्रिय बीपीएल को को मूल राशि पर 75% और निष्क्रिय घरेलू/कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50% तक और अधिभार (सरचार्ज) पर 100% की छूट मिलेगी। सक्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए 5 वर्ष से अधिक एवं 05 वर्ष से कम अवधि के बकाया पर मूल राशि पर क्रमशः 75% एवं 50% और अधिभार में 100% छूट के साथ-साथ सक्रिय अशासकीय घरेलू/कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर मूल राशि में 10% और तीन किस्तों में भुगतान पर 05% की अतिरिक्त छूट का प्रावधान के साथ 06 किस्तों में भी भुगतान की सुविधा एवं तीनों स्थितियों में अधिभार पर 100% छूट का प्रावधान है।

## 21543 उपभोक्ताओं ने जमा किए 1 करोड़ 89 लाख रुपए

### बीपीएल उपभोक्ताओं को नहीं करना होगा अग्रिम भुगतान

इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय केवल कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को मोर बिजली ऐप या बिजली कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा, जिसके लिए पूर्व में कुल बकाया का न्यूनतम 10% भुगतान करना अनिवार्य था, जिसे संशोधित करते हुए अब 05% कर दिया गया है। साथ ही किस्तों में भुगतान करने पर भविष्य में कोई नया अधिभार नहीं जोड़ा जाएगा। पंजीयन के समय सक्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं को कोई अग्रिम राशि भुगतान नहीं करना होगा।




### जोड़ी गई नई सुविधाएं

इस योजना के तहत नई सुविधाएं जोड़ते हुए 31 मार्च 2023 के बाद निष्क्रिय हुए उपभोक्ताओं को सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित श्रेणी के अनुसार बिना पंजीयन छूट का लाभ दिया जाएगा, साथ ही वे निर्धारित औपचारिकताएं पूरी कर पुनः सक्रिय होकर भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए छूट की गणना 31 मार्च 2023 तक की मूल बकाया राशि पर की जाएगी, जिसके अंतर्गत उक्त तिथि तक का पूरा बकाया सरचार्ज और उसके बाद का संपूर्ण सरचार्ज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा।

### चुनाव पूर्व वेतन समझौता को पूर्ण करने यूनियनों की मांग

# बीएसपी में मान्यता यूनियन का चुनाव नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे हजारों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में दो साल पूर्व मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पिछला यूनियन चुनाव भारतीय मजदूर संघ बीएमएस ने जीता था। इसके बाद यूनियनों की पुरजोर मांग के बाद भी अब तक सहायक श्रमायुक्त केंद्रीय और बीएसपी प्रबंधन चुनाव संपादित कराने को लेकर उदासीन बना हुआ है। यूनियनों के मुताबिक आईडी एक्ट के तहतमान्यता यूनियन का चुनाव हर दो साल में कराए जाने का नियम है। कार्यकाल दो वर्ष का होता है। लेकिन मान्यता यूनियन का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अब तक चुनाव नही होने से कर्मियों को कई तरह की समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है।

चुनाव को लेकर सीएलसी,प्रबंधन और यूनियन दोनों स्तर पर सुस्ती बनी हुई है। आईडी एक्ट के तहत चुनाव के लिए सभी प्रतिभागी यूनियनों श्रमायुक्त कार्यालय में अपनी सदस्यता,पंजीयन आदि दस्तावेज प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए चुनाव अधिकारी बकायदा नोटिस जारी करते हैं। लेकिन अब तक मात्र दो यूनियनों ने ही अपने दस्तावेज जमा किए है। सालभर पूर्व श्रमायुक्त व प्रबंधन ने प्रक्रिया के नाम पर मात्र एक बैठक बुलाई थी। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया थमी हुई है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक प्रमुख यूनियने चाहती हैं कि चुनाव के पहले सेल कर्मचारियों का पांच साल से लंबित वेतन समझौता को पूर्ण कर 39 महीने के एरियर्स व भत्तों आदि का भुगतान किया जाए।

चुनाव होने पर यूनियनों के चुनाव मैदान मे लड़ने से आपस मे टकराव से यूनियनों की एकता कमजोर हो जाएगी। प्रबंधन वेतन समझौता को पूर्ण करने से बचाने के लिए यही चाहता है। यही कारण है कि अधिकतर एनजेसीएस यूनियनें चुनाव को लेकर उदासीन बनी हुई हैं। वहीं प्रबंधन भी चुनाव नहीं होने से मौजूदा हालातों में खुद को सहज महसूस कर रहा है। लेकिन मान्यता यूनियन नहीं होने से कर्मचारी अपनी प्लांट व टाउनशिप स्तर की समस्याओं को लेकर परेशान हैं।

## दो साल पूर्व समाप्त हो चुका है मान्यता कार्यकाल

भिलाई इस्पात संयंत्र में अब तक मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने का खामियाजा हजारों कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। मान्यता यूनियन नहीं होने के कारण कर्मियों की कई समस्याएं अटकी पड़ी हैं। निदान के लिए श्रमिक संगठन प्रबंधन पर अपेक्षित दबाव नहीं बना पा रहे हैं।



### दर्जनभर यूनियनें लड़ती हैं चुनाव

बीएसपी मे वर्तमान में दर्जनभर यूनियनें चुनाव की प्रतिभागी हैं। इनमें इंटक, सीटू, एटक, बीएमएस, एचएमएस सहित एक्टू, बीडब्ल्यू, लोइमू, भिलाई इस्पात श्रमिक मंच,स्टील वर्कर्स यूनियन, बीएकेएस, भिलाई कर्मचारी संघ शामिल हैं। आईडीएक्ट के तहत अब तक 4 मर्तबा चुनाव हो चुके हैं। सबसे पहली बार 2011-12 में हुई मान्यता यूनियन चुनाव में सीटू जीता था। इसके बाद फिर सीटू ने सर्वाधिक सदस्यता साबित की थी। बाद इंटक विजयी रही। पिछला चुनाव बीएमएस ने जीता था। इसके बाद कार्यकाल खत्म होने के दो साल बाद भी यूनियन चुनाव अब तक नहीं हुआ है। आईडी एक्ट के तहत चुनाव होने के पूर्व 50 साल से अधिक समय तक प्रसिद्ध श्रमिक नेता व विधायक स्वर्गीय रवि आर्य की इंटक यूनियन का वर्चस्व था। इस दौरान लोकल एग्रीमेंट जैसे समझौता से कर्मियों की मांगें सुलझती थीं।

### टाउनशिप व प्लांट की समस्याएं अटकीं

बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव लंबित होने से बीएसपी कर्मचारियों और कर्मचारी संगठनों दोनों को परेशानी हो रही है। कर्मियों की लोकल प्रबंधन स्तर की ठेरों समस्याएं जस की तस बनी हुई है। इनमें टाउनशिप में आवासीय, चिकित्सा, वेलफेयर आदि के बुनियादी समस्याओं के अलावा संयंत्र के अंदर कैंटीन, रेस्टरुम, सड़क कूलर आदि कई तरह की समस्याएं हैं । मांगों को लेकर प्रमुख यूनियनें प्रबंधन के अधिकारियों से चर्चा करती हैं जिनमें कुछ को छोड़कर सिर्फ आश्वासन मिलता है। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन के लिए सर्वाधिक सदस्यता की लोकतांत्रिक वाली यूनियन नहीं होने से सुविधाजनक स्थिति है। फिर वर्तमान में मेनपावर कम होने, कुछ यूनियन नेताओं के रिटायर होने और यूनियनों की ताकत कमजोर पड़ने आदि कारणों से भी चुनाव को लेकर चौतरफा सुस्ती बनी हुई है।

# 5वीं-8वीं में कई छात्रों के रिजल्ट घोषित ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में शिक्षा विभाग नए कारनामे सुर्खीया बटोर रहे है। लेकिन शिक्षा विभाग के कारनामे बच्चो व पालको को भारी पड़ रहा है। अब ता परीक्षा परिणाम



पर भी उसका असर दिखने लगा है।

ता जा मामला हाल ही में घोशित पूर्व मा ध्य मि क परीक्षा 8वीं एवं प्राथमिक परीक्षा पांचवी के परीक्षा परिणाम से जुड़ा है। शिक्षा विभाग ने एक सप्ताह पूर्व 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोशित किया। जिला से दोनो बोर्ड परीक्षा की प्रवीण्यता सूची भी जारी हो गई। प्रावीण्यता सूची में सम्मिलित बच्चे व उनके पालक उत्सव मना रहे है, लेकिन विकासखण्ड में कई विद्यालयो के बच्चे अपना परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे है क्योंकि विभाग उनका परीक्षा परिणाम घोशित करना भूल गया।

बताया जा रहा है कि विकासखण्ड के प्रथमिक शाला चंदनबिरही, प्राथमिक शाला पिकरीपार, सर्वोदय इग्लिस मिडियम गुरूर एवं शिशु मंदिर अरमरीकला तथा पूर्व माध्यमिक शालाओ में मिडिल स्कूल तार्री, मिडिल स्कूल करेंझर एवं सरस्वती शिशु मंदिर अरमरीकला के बच्चो का परीक्षा परिणाम घोशित ही नही किया गया है। बीआरसीसी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला चंदनबिरही में 22 बच्चे, प्राथमिक शाला पिकरीपार में 10 बच्चे, सर्वोदय स्कूल में 16 बच्चे, मिडिल स्कूल तार्री में 17 बच्चे, मिडिल स्कूल करेंझर मे 07 बच्चे तथा सरस्वती शिशु मंदिर अरमरीकला आठवी के 17 बच्चो का परीक्षा परिणाम रूक गया। इतनी बड़ी चूक के बाद भी शिक्षा विभाग ने परीक्षा परिणाम के साथ ही प्रवीण्य सूची भी जारी कर दी, जबकि विकासखण्ड के 4 प्राथमिक एवं 3 पूर्व माध्यमिक विद्यालयो के परीक्षा परिणाम मिसिंग हो गए। मामले में पालको ने अपनी पीड़ा इस प्रतिनिधि को बताई। पालको की शिकायत के बाद जब मामले में पड़ताल प्रारंभ की गई तब जिला शिक्षा विभाग जागा एवं आनन फानन में इन विद्यालयो का परीक्षा परिणाम बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रेशित किया गया। जबकि खण्ड शिक्षा कार्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोशित होने के तुरंत बाद ही जिला कार्यालय को इन विद्यालयो के परीक्षा परिणाम मिंसिंग होने की सूचना लिखित में दी गई थी। बड़ा सवाल यह है कि जब दर्जनो बच्चो के परीक्षा परिणाम मिसिंग थे, तो प्रवीण्य सूची कैसे जारी कर दी गई। अब यदि प्रभावित विद्यालयों के बच्चों में किसी का अंक घोशित प्रवीण्य सूची के अंको से अधिक निकला तक उस सूची का क्या महत्व रहा। वही एक बार प्रवीण्य सूची में नाम से वंचित रहने के बाद मेघावी छात्र व उनके पालको को जो मानसिक यंत्रणा हुई उसका दोशी कौन होगा। इसके लिए क्या किसी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। क्या किसी के खिलाफ कार्यवाही होगी। यह सवाल अभी अनुत्तरित है। मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित चन्द्राकर ने कहा कुछ स्कूलो के परीक्षा परिणाम मिसिंग थे। हमने जिला को सूचित किया था, आज ही उनके परिक्षा परिणाम प्राप्त हुए है।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार शिविर का किया निरीक्षण, सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मंगल भवन भिलाई-3 चरोदा अंतर्गत सुशासन तिहार शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने एचपीव्ही वैक्सीन लगाने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 आई हितग्राहियों को ई-सर्टिफिकेट वैक्सीनेशन अपने हाथों से दिया। बालिकाओं से कहा कि अपने सहेलियों और कक्षा में साथ पढ़ने वाले छात्रों को भी इस वैक्सीन की जानकारी दे ताकि 14 साल पूरी कर चुकी लड़कियों को एचपीव्ही वैक्सीन लगाने में सहयोग मिले।

उन्होंने सभी उपस्थित अन्य हितग्राहियों और विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी एचपीव्ही वैक्सीन के संदर्भ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने अपील किया। स्वास्थ्य शिविर में 27 नये लोगों का आभा आईडी भी बनाया गया है। इस दौरान विधायक



प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, वार्ड पार्षद फिरोज फारूखी, प्रेमलता चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश सिंह राजपूत, आयुक्त नगर निगम चरोदा डीएस राजपूत, स्वास्थ्य विभाग से बीईटीओ सैय्यद असलम, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, एलएचव्ही आर विश्वास, सीपीएम विवेक मिंज, फार्मासिस्ट तृप्ति चंद्राकर, निवेश प्रधान, भूपेंद्र सिन्हा, उषा वर्मा, पी स्वामी, हेमलता निर्मलकर, थानेशवरी साहू, हिमांशु सूर्यवंशी, नेतराम साहू, पारूल देशमुख उपस्थित थे।

# सेक्टर 6 में अनफिट ब्लाकों से हटाए गए 37 अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा टाउनशिप व मार्केट से अवैध कब्जे

- नेवई क्षेत्र में 10 हजार वर्गफीट जमीन कराया मुक्त

हटाए गए। बेदखली अभियान के तहत सेक्टर 6 के 4 अनफिट ब्लॉकों से 37 कब्जेधारियों को बेदखल किया गया। विभाग द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा 12 आवासों से भी अवैध कब्जेधारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। मार्केट क्षेत्रों में अवैध रूप से व्यवसाय संचालित कर रहे कब्जेधारियों के हजार वर्गफीट क्षेत्र से अवैध स्ट्रक्चर हटाए गए । सामानों को विभाग की अभिरक्षा में लिया गया। नेवई क्षेत्र में भी 10 हजार वर्गफीट जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। एन्फोर्समेंट विभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों को चेताया गया है कि बीएसपी क्वार्टरों के कब्जे हटा लें और मुख्य चौक एवं प्रमुख मार्गों पर लगाए गए अवैध होर्डिंग्स एवं स्ट्रक्चर भी हटाए जाएंगे। कार्रवाई के दौरान विभाग के मुकुंद दास मानिकपुरी, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान, संपदा निरीक्षक राममूर्ति, रमाकांत यादव, भगवान, बलराम शुक्ला, कुद्बुद्दीन कुरैशी, ज्ञानचंद जैन आदि उपस्थित थे।

# प्राचार्यों के निलंबन और वेतन वृद्धि रोकने के आदेश निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई ने कलेक्टर ज्ञापन सौंपा

जिला अंतर्गत 8 प्राचार्य का निलंबन एवं 14 प्राचार्यों के वेतन वृद्धि रोके जाने के आदेश को शुन्य किए जाने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई बालोद ने कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौंपा गया। प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांत उपाध्यक्ष चन्द्रभान निर्मलकर, महामंत्री राकेश कुमार साहू,जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू, संयुक्त सचिव नरोत्तम मामले, जिला सचिव गिरीश देवांगन ने बताया कि पिछले वर्ष के परीक्षाफल से इस वर्ष की परीक्षाफल के तुलनात्मक अध्ययन




के आधार पर आठ प्राचार्य का निलंबन एवं 14 प्राचार्य का वेतन वृद्धि रोका जाना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यार्थियों के परीक्षाफल के लिए केवल प्राचार्य को जिम्मेदार ठहराया जाना उचित नहीं है। परीक्षाफल विद्यार्थियों के विषय वस्तुओं के अध्ययन स्तर (बुद्धिलब्धि) पर निर्भर करता है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया कि शिक्षक अपने विषय का अध्यापन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करते हैं। पढ़ाए गये विषयवस्तु को परीक्षा स्थल में लिखने की कला परीक्षार्थियों के स्व-अध्ययन और लेखन कौशल पर निर्भर करता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक प्राचार्य अपने विद्यालय का परीक्षाफल बेहतर करने का प्रयास करता है ।

प्रांत अध्यक्ष ने आगे कहा कि निलंबित किए गए एवं वेतन वृद्धि रोके गए प्राचार्य का पक्ष सुने बिना उनका वेतन वृद्धि रोका जाना एवं निलंबन की एकतरफा कार्यवाही किया जाना प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है । भर्ती एवं पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र 13 फरवरी 2026 के अनुसूची एक में नियुक्ति प्राधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग है । प्रांत उपाध्यक्ष चन्द्रभान निर्मलकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9 के तहत गंभीर कदाचर अथवा भ्रष्टाचार या दांडिक अपराध के मामले में शासकीय सेवकों को निलंबित किया जाता है ।जबकि विद्यालय का परीक्षाफल इसके दायरे में नहीं आता।अतः मांग किया गया कि निलंबन आदेश एवं वेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश को निरस्त किया जावे।

ज्ञापन सौंपने के लिए प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष राजेश चटर्जी, उपाध्यक्ष चन्द्रभान निर्मलकर, महामंत्री राकेश साहू, जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू, नरोत्तम मामले, जिला सचिव गिरीश कुमार देवांगन, तहसील अध्यक्ष मनसुखदास साहू, तहसील सचिव भुधर दास जोशी, बालोद ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार उर्वशा, अशोक कुमार साहू, महेश कुमार निर्मल,केजूराम मुख्य एवं इन्द्रजीत बनपाल सहित बड़ी संख्या प्रतिनिधि मंडल शामिल हुए।

## पेज 9 का शेष

### सीवरेज पाइपलाइन हादसे में तीन ...

अनुसार कार्य के दौरान चैन माउंटिंग मशीन (पोकलेन) की चैन टूटने से पाइपलाइन खिसक गई और भारी मात्रा में मिट्टी मजदूरों के ऊपर आ गिरी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आम नागरिक छोटी गलती पर कार्रवाई का सामना करते हैं, तो इतनी बड़ी परियोजना में लापरवाही बरतने वालों पर अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई। **संगठनों ने दोषियों पर एफआईआर की मांग की:** जनमुक्ति मोर्चा सहित कई संगठनों ने घटना को मजदूर सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ बताया है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष जीत गुहा नियोगी के निर्देश पर नगर अध्यक्ष महेंद्र गंजीर एवं छत्तीसगढ़ सचिव बसंत रावटे ने बीएसपी प्रबंधन और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। आंदोलन में शामिल लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### नीट-यूजी पेपर लीक के विरोध में ...

सरकार और संबंधित एजेंसियां हर बार जांच और कार्रवाई का आश्वासन देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं देता। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गत वर्ष भी बालोद जिले में परीक्षा प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आए थे, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया गया। इस वर्ष भी वही स्थिति निर्मित हो गई है, जिससे छात्रों और पालकों का गुस्सा और बढ़ गया है। **ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें:** पूरे परीक्षा घोटाले की निष्पक्ष जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए। एनटीए के शीर्ष अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि परीक्षा दोबारा आयोजित की जाती है तो उसकी सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित हो। छात्रों और पालकों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डाला जाए। मानसिक तनाव से गुजर रहे विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र स्पष्ट निर्णय लिया जाए। रश्मि साहू, छात्रा "हम रात-रात भर जागकर पढ़ाई करते हैं। माता-पिता हमारी पढ़ाई के लिए हर संभव त्याग करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं हमारी मेहनत का मजाक बना रही हैं। अब छात्रों का सिस्टम से भरोसा उठता जा रहा है।" अंकित यादव, छात्र अगर परीक्षा पहले से ही लीक हो रही है तो मेहनत करने वाले छात्रों को क्या मिलेगा? सरकार को सिर्फ बयान देने के बजाय दोषियों को जेल भेजना चाहिए।" नेहा ठाकुर, छात्रा हर साल कोई न कोई राष्ट्रीय परीक्षा विवादों में रहती है। इससे छात्रों का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। कई विद्यार्थी अवसाद में चले जाते हैं। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? दीपक निषाद, छात्र हमने पूरे साल सोशल मीडिया और बाकी चीजों से दूरी बनाकर सिर्फ पढ़ाई की। लेकिन अब लग रहा है कि मेहनत से ज्यादा सिस्टम में पहुंच रखने वालों को फायदा मिलता है। पूजा वर्मा, छात्रा नीट जैसी परीक्षा में गड़बड़ी होना बेहद शर्मनाक है। सरकार को यह समझना होगा कि यह सिर्फ परीक्षा नहीं बल्कि लाखों छात्रों का भविष्य है। महेश साहू, पालक मध्यमवर्गीय परिवार बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज तक ले लेते हैं। कोचिंग, हॉस्टल और किताबों में लाखों रुपए खर्च होते हैं। अगर परीक्षा ही निष्पक्ष नहीं होगी तो पालक आखिर किस पर भरोसा करें? रेखा देवांगन, पालक बच्चे दिन-रात मेहनत करते हैं और फिर ऐसी खबरें सुनकर टूट जाते हैं। सरकार को शिक्षा व्यवस्था को मजाक बनने से रोकना चाहिए।" एक छात्र नेता का बयान सीबीआई जांच से तभी भरोसा बनेगा जब पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। केवल छोटे लोगों को पकड़कर मामले को दबाया नहीं जाना चाहिए। **भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं:** प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। दल्लीराजहरा में उमड़ा यह आक्रोश केवल एक शहर की नाराजगी नहीं, बल्कि देशभर के उन लाखों विद्यार्थियों की पीड़ा है जो मेहनत के दम पर अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, लेकिन बार-बार सामने आ रहे परीक्षा घोटाले उनकी उम्मीदों को झकझोर रहे हैं।

### बिल नहीं देने और ...

है। आरोप है कि ग्रामीणों को कई बार एक साथ 24 पौवा देशी शराब नहीं मिल पा रही है। वहीं कोचियों को आसानी से 24 पौवा मिल जाती है। शराब दुकान में देशी अंग्रेजी दोनों में ही ग्राहकों को बिल नहीं दिया जाता। शराब दुकान के सुपरवाइजर पंकज कुमार ने कहा आरोप गलत है। कोचियों को संरक्षण नहीं देते। नियमानुसार प्रत्येक व्यक्ति को मांग पर अधिकतम 24 पौवा ही देते है। बिल शुरू में देते थे, अब नहीं देते। आबकारी निरीक्षक आशाराम ने कहा एक व्यक्ति को अधिकतम 24 पौवा ही देते है। यदि दो लोग आकर 24–24 पौवा ले जाते हैं तो इसमें कोचियों को संरक्षण देने वाली बात नहीं है। बिल नहीं देते। डिवाइस में स्कैन करने पर पूरी जानकारी व उसकी कीमत सभी आ जाती है। कोई मांगता है तो बिल देते है।

### सरपंच व ग्रामीणों ने ...

आवेदन पत्र मे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जानकारी मिली है कि शराब, गांजा विक्रेताओ को शासकीय गांजा की जप्ती में शासकीय गवाह भी बनाया जाता है। पुलिस विभाग मौन है। यदि बीच–बीच में पुलिस सर्चिंग वाहन द्वारा दविश भी दिया जाता तो डर का महौल रहता। यहां अवैध रूप से शराब, गांजा विक्रेता के मन में कोई भय नहीं दिख रहा है। वार्ड क्र. 19, 20 के वार्डवासी भी काफी परेशान है एवं लिखित में कार्यवाही करने शिकायत किए है।

### खाद कटौती से भड़के ....

प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रिवेंद्र यादव केश शिल्पी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नन्दकुमार सेन, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष राजेश हिरवानी,जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष विशाल देशमुख,जनपद सदस्य मिलनतीन ठाकुर, जोन प्रभारी देवराज चतुर्वेदी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष तुलसीराम देशमुख, सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खिलेंद्र साहू,पूर्व सरपंच गनियारी रोहित साहू, पूर्व सरपंच कोकड़ी रोशन साहू,पूर्व सरपंच कारगाडीह घनश्याम गजपाल, पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति बोरिगारका राजेश साहू,सेक्टर प्रभारी कैलाश सिन्हा, लोकेश बंजारे, मनोहर साहू, तारक सिन्हा,रेवाराम ठाकुर,संतराम साहू सहित कृषक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**बालोद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्राचार्य मोहन गजेंद्र के साथ पाँच छात्रएं अनुपमा, दीपाली, वेणु, वीणा एवं याचना शामिल हुई। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं नृत्य प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें याचना ने चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसकी इस सफलता पर प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

### आठवीं की परीक्षा में विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में बनाई जगह





**गुरूर।** ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर के कक्षा आठवीं में ख्याति सिन्हा पिता दिनेश कुमार सिन्हा ने 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके बालोद जिला की टॉप टेन मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं साक्षी साहू पिता गुमान सिंह साहू ने 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करके मेरिट सूची में तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा पांचवी में ग्यांशु कुम्हार पिता राम बहोर कुम्हार ने 95.50 प्रतिशत अंक लेकर शाला में प्रथम एवं जिगर कुमार ने 91.50 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधक पुरन लाल साहू, प्राचार्य पीएल बनपेला एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

### 16 को एक दिनी रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता

**अण्डा।** दुर्ग जिले के ग्राम तिरगा झोला में 16 मई शनिवार 2026 को एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और खिलाड़ियों ने तैयारी शुरू कर दी है।प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये दिया जाएगा, जिसे आशा विक्वी मिश्रा जिला पंचायत सदस्य दुर्ग एवं वेदांश, रोमांशी, दिमेन ठाकुर द्वारा प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये गुलाब बेलचंदन एवं अनिल देशमुख द्वारा, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये हीरा लाल दिल्लीवार गुरुजी द्वारा तथा चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपये पिताम्बर देशमुख द्वारा प्रदान किया जाएगा।आयोजन पंच शील क्लब एवं समस्त ग्रामवासी तिरगा, जिला दुर्ग के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में टीम चयन हेतु 5 खिलाड़ियों का वजन 48 किलो तथा 2 खिलाड़ियों का वजन 50 किलो निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति में अध्यक्ष फालेश देशमुख, उपाध्यक्ष ढालेन्द्र निषाद एवं कप्तान राजा देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतियोगिता का आनंद लेने की अपील की है।

न्यायालय तहसीलदार गुरूर,
जिला- बालोद (छ.ग.)
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम खोरदो को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमत कुमार पिता पंचम राम जाति तेली साकिन खुन्दनी द्वारा ग्राम खोरदो प.ह.नं. 12 तहसील गुरूर स्थित संयुक्त नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 23 रकबा 0.09 हे. भूमि से संबंधित ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गया है। जिसे सभी संभावित स्थानों पर यत्नपुर्वक तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। आवेदक डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन, शपथपत्र, नोडयूज, थाना रिपोर्ट, सहमति पत्र, चालान की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है । प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22/05/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति- दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया ।

(मुहर) तहसीलदार गुरूर

**आयोजन :** 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण पहुंचे शिविर में, बाल विवाह रोकथाम की दिलाई गई शपथ

# सुशासन तिहार शिविर में 205 आवेदन मिले, 105 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम मंगलतराई में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम पंचायत मंगलतराई सहित मंगलतराई कलस्टर में शामिल आसपास के 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 105 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

हाई स्कूल मैदान मंगलतराई में आज आयोजित शिविर में अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी, मनीष झा, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी सहित अन्य अतिथियों ने स्वामीत्व योजना अंतर्गत 15 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 11 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, 10 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 08 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, 08 हितग्राहियों को बैटरी स्प्रेयर, 04 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को जाल एवं आईस बॉक्स वितरण, 05 हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन का स्वीकृति आदेश के अलावा शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया।





शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया। जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने बाल विवाह को एक सामाजिक अपराध बताते हुए शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। मुकेश कौड़ो ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। कौड़ो ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके वास्तविक मांगों एवं समस्याओं से रूबरू होने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जमीनी स्तर पर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का आकलन करने के अलावा आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण भी सुनिश्चित की जा रही है।



जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम ने इस भीषण गमएँ में भी जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। जिला पंचायत सदस्य मिथलेस निरोटी ने क्षेत्र के प्रमुख मांगों की ओर आला अधिकारियों की ध्यान आकृष्ट कराया।

जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिविर को संबोधित करते हुए सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अतिथियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। मंगलतराई में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पुसावड, नर्रालगुड, मरदेल, लिमउडीह, सुरडोंगर, मथेना, सिंघोला, बेलोदा, चिहरो, मंगलतराई, आमाडुला और घोटिया सहित 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जन शामिल हुए थे।

## मानविकी संकाय के लिए पृथक व्याख्याता सेटअप की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

छत्तीसगढ़ के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में मानविकी संकाय के विषयों के लिए पृथक व्याख्याता सेटअप स्वीकृत करने की मांग उठने लगी है। शिवेंद्र बहादुर साहू जिला आईटी सेल प्रभारी, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि वर्तमान व्यवस्था में इतिहास एवं राजनीति विज्ञान को एक सेटअप तथा अर्थशास्त्र एवं भूगोल को एक सेटअप मानकर व्याख्याता पद स्वीकृत किए जाते हैं, जो मानविकी संकाय के व्याख्याताओं के साथ असमानता है।



उन्होंने कहा कि इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और भूगोल चारों विषय स्वतंत्र पाठ्यक्रम एवं अलग विषयगत विशेषज्ञता वाले विषय हैं। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इनका पृथक महत्व है। इसके बावजूद इन विषयों को संयुक्त अथवा वैकल्पिक सेटअप में रखने से विषयगत गुणवत्ता प्रभावित हो रही है तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विषयों को अलग-अलग व्याख्याता सेटअप प्राप्त है, जबकि मानविकी संकाय के विषयों को संयुक्त रूप से देखा जा रहा है, जो समानता के सिद्धांत के अनुरूप नहीं है। उन्होंने शासन से मांग की है कि इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल विषयों के लिए पृथक-पृथक व्याख्याता सेटअप स्वीकृत किया जाए, ताकि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा हो सके तथा व्याख्याताओं को समान अवसर एवं न्याय मिल सके।

## तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन



**डौण्डीलोहारा।** पतंजलि योग परिवार जिला बालोद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में विश्वव्यापी महामारी कोरोना काल वर्ष 2021 से निरंतर संचालित ऑनलाइन योग क्लास के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन ग्राम कोरगुड़ा में किया जाएगा। यह शिविर 15 से 17 मई तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होगा।

योग शिक्षक पीलूराम साहू ने बताया कि योग एवं प्राणायाम संपूर्ण रोगों के समाधान का माध्यम है। उन्होंने कहा कि "सुबह हो या शाम, करें योग रहें निरोग" के उद्देश्य के साथ सभी योग प्रेमियों एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों से शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि स्वामी रामदेव द्वारा स्थापित संस्था पतंजलि योग समिति पिछले पांच वर्षों से ऑनलाइन योग क्लास के माध्यम से लोगों को घर बैठे प्रतिदिन निःशुल्क योग प्रशिक्षण एवं विभिन्न रोगों के उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। ऑनलाइन योग क्लास के सफलतापूर्वक पांच वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष विशेष रूप से ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोरगुड़ा में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में योग, प्राणायाम एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

## आचार संहिता का असर: कई क्षेत्रों में रुके सुशासन तिहार शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे सुशासन तिहार को लेकर बड़ा प्रशासनिक बदलाव सामने आया है। नगरीय निकाय और पंचायत उपचुनाव के बीच लागू आदर्श आचार संहिता का असर अब जनसमस्या निवारण शिविरों पर भी दिखाई देने लगा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, चुनाव प्रभावित क्षेत्रों के कई वार्डों और ग्राम पंचायतों को फिलहाल सुशासन तिहार शिविरों से बाहर कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, जिन क्षेत्रों में उपचुनाव की प्रक्रिया जारी है, वहां किसी भी प्रकार की नई शासकीय घोषणा, लाभ वितरण या विशेष शिविर आयोजन पर रोक लगाई गई है, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इस फैसले के बाद संबंधित वार्डों और पंचायतों के लोगों को शिविर के माध्यम से मिलने वाली कई सेवाओं के लिए फिलहाल इंतजार करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि चुनाव समाप्त होने के बाद सुशासन तिहार योजना का लाभ देने के लिए नई तिथि जल्द घोषित की जाए, ताकि लोगों को योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिल सके। सुशासन तिहार के तहत जिलेभर में आम जनता की समस्याओं का निराकरण, योजनाओं का लाभ और विभागीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही थीं, लेकिन आचार संहिता लागू होने के बाद कुछ क्षेत्रों में इसकी रफ्तार थम गई है।




## अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से मवेशी गंभीर घायल, गौ रक्षक ने कराया उपचार



**गुण्डरदेही।** बीती रात नगर के अर्जुन्दा चौक मे लगभग 2 बजे अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में मवेशी को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल गौ रक्षक दयाराम सिन्हा को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही गौ रक्षक दयाराम सिन्हा मौके पर पहुंचे और घायल मवेशी को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उपचार की व्यवस्था कराई। दुर्घटना के दौरान पशु का टेस्टिकल अंडकोष भाग बाहर आ गया था, जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। पशु चिकित्सकों द्वारा सर्जरी कर उपचार किया गया। इस सेवा कार्य में गुण्डरदेही पुलिस एवं पुलिस जवान कमलेश रावते और ललित कदम ने भी सहयोग प्रदान किया। उपचार के बाद घायल मवेशी को कृष्णा गौ शाला मे रखा गया, जहां उसकी देखरेख की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## अर्जुनी में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

### पेंडरी टीम ने जीता प्रथम पुरस्कार, खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम अर्जुनी में नूतन क्रीड़ा मंडल के तत्वावधान में रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन हिरवानी थे, अध्यक्षता पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष थानसिंह मंडावी ने किया। विशेष अतिथि ठेकेदार मोहन लाल साहू, पूर्व सरपंच घना राम साहू,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही राजा नीतीश सोनकर, पूर्व उपसरपंच भरत साहू, ओम मेडिकल ओमेश्वर दास साहू, एचआर. मंडावी, कुंज लाल साहू, पेनू राम निर्मलकर थे।

आयोजन समिति अध्यक्ष चंदन साहू ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 35 टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार ग्राम पेंडरी 7001 रुपए, दूसरा पुरस्कार ग्राम अर्जुनी 5001 रुपए, तीसरा पुरस्कार ग्राम अंडा 3001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार ग्राम 2001 रुपए प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, युवा मोर्चा महामंत्री अनूप देशमुख का विशेष सहयोग रहा। क्रिकेट प्रतियोगिता के निर्णायक तरुण, जितेश, रमेश थे एवं कमेंट्री रविकांत साहू, विमल साहू एवं हेमन्त साहू ने किया। इस अवसर पर चन्दन साहू, प्रिन्स मंडावी, मनीष साहू, पूनमचंद साहू, अजय साहू, भिलेंड्रा कुमार साहू, त्रिशांत साहू, धनराज साहू, लक्की निर्मल, रितिक निर्मल, चीकू, लीलू, नितेश साहू, भारत यादव, जितेश साहू, रूपेन्द्र यादव, खिलेश्वर साहू, टीकम ठाकुर, देवा, तरुण, बाबू, पवन, इलू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।





## डौंडीलोहारा में रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थापना के लिए 20 लाख की स्वीकृति

**डौंडीलोहारा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 11 में रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद संचालनालय द्वारा इसकी मंजूरी जारी कर दी गई है। स्वीकृत राशि से वार्ड क्रमांक 11 में रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा आसपास क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। विभाग की ओर से कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। राशि स्वीकृत होने पर वार्ड पार्षद शिवानी रजत भंसाली ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा सांसद भोजराज नाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्ड पार्षद शिवानी रजत भंसाली ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लगातार जनता की मांगों को पूरा कर रही है तथा नगर पंचायत डौंडीलोहारा को विकास कार्यों की नई सौगात मिल रही है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वार्डवासियों के साथ मिलकर वार्ड 11 में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के समक्ष रखी गई थी, जिसकी स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थापना एवं नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किए जाएंगे।



■ नगरीय प्रशासन विभाग ने दी विकास कार्यों को मंजूरी

## खैरीडीह में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा संपन्न





**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम खैरीडीह में 10 मई से 12 मई तक श्री लूणकरण ठाकुर, ज्ञानसिंह भुआर्य, श्रीमती पुष्पा पिस्दा, माखन सिन्हा, योगेश भुआर्य एवं मेनका ठाकुर के प्रतिनिधित्व में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ एवं संस्कारों का संदेश देते हुए प्रज्ञानंद ने कहा कि गायत्री एवं यज्ञ मानव मात्र तथा समस्त विश्व के लिए कल्याणकारी है। द्वितीय दिवस पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के दौरान भोलाराम साहू ने कहा कि जब मनुष्य की प्रज्ञा जागृत होती है तो वह अभाव में भी आनंदित रहता है। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा के अभाव में लोग उच्च शिक्षा एवं बड़े पद प्राप्त करने के बावजूद जीवन में दुखी रहते हैं। जीवन में शांति एवं आनंद प्राप्त करने के लिए गायत्री रूपी सद्बुद्धि और यज्ञ रूपी सत्कर्म आवश्यक हैं। उन्होंने युगऋषि परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 3400 जीवन निर्माण साहित्य एवं अन्य सद्ग्रंथों के स्वाध्याय पर भी बल दिया। अंतिम दिवस आयोजित पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ में 64 लोगों ने गुरु दीक्षा ग्रहण कर श्रेष्ठ जीवन जीने का संकल्प लिया। वहीं 14 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार एवं "आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी" अभियान के तहत 3 गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार संपन्न कराया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### चिकित्सा के क्षेत्र में नर्सिंग की भूमिका रीढ़ की हड्डी

**भिलाई।** विश्व नर्स दिवस पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ भिलाई-3 में एक समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि फ्लोरा नाइट एंगल की स्मृति में नर्सिंग कैडर के विभिन्न कार्यों के लिए उनकी भूमिका ओर महत्वपूर्ण काम के प्रति नर्स दिवस मनाया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में स्टाफ नर्स आर गजभिए, रोशन बर्मन, सोनल मेहर ,आकांक्षा,नीना चक्रवर्ती, शांता पाटिल, मनोरमा बंछोर, शहरी एएनएम विधा कहरे, हेमलता निर्मलकर ,हर्षा मानिकपुरी, सोनसीर देशलहरे, वर्षा वर्मा, भोज बाई देशमुख, थानेशवरी साहू को पदेन कर्तव्य को निष्ठा लगन ओर मेहनत के फलस्वरूप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आम्रपाली कॉलोनी में राम मंदिर का उद्घाटन आज

**भिलाई।** एमपी हाउसिंग बोर्ड के समीप आम्रपाली कॉलोनी में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होकर श्रद्धालुओं के लिए तैयार हो गया है। कॉलोनीवासियों की आस्था, समर्पण एवं सामूहिक सहयोग से निर्मित यह मंदिर अब क्षेत्र के लोगों के लिए धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। मंदिर निर्माण पूर्ण होने से कॉलोनीवासियों में उत्साह का वातावरण है।

जयंती : वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगा रहा मंगचुवा महाविद्यालय

# शहीद गैंद सिंह नायक महाविद्यालय मंगचुवा में 'अमृता' रजत जयंती विशेषांक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





वनांचल के शहीद गैंद सिंह नायक शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा में अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग संभाग डॉ. अनुपमा अस्थाना के सम्मान समारोह एवं महाविद्यालय पत्रिका "अमृता" रजत जयंती विशेषांक प्रथम संस्करण के विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश कश्यप ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं वृक्षारोपण के साथ हुआ। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्यगीत "अरपा पैरी के धार" की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. अनुपमा अस्थाना ने अपने संबोधन में महाविद्यालय परिवार एवं पत्रिका संपादकीय मंडल को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी संस्था की सफलता सामूहिक प्रयास और टीम भावना से ही संभव होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने तथा निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग सुमित अग्रवाल एवं जनभागीदारी अध्यक्ष पूनम चंद जैन उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुरूप स्वागत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अमृता कस्तुरे ने स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक, कौशल विकास एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी देते हुए "अमृता" रजत जयंती विशेषांक के प्रथम प्रकाशन को महाविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वहीं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक एस. डी. मरावी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा पत्रिका संपादक शशि कुमार बंजारे ने पत्रिका की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि पूनम चंद जैन ने महाविद्यालय को वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की। वहीं सुमित अग्रवाल ने सीमित संसाधनों के बावजूद महाविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए इसे आदर्श महाविद्यालय के रूप में विकसित किए जाने की संभावना जताई। डॉ. अनुपमा अस्थाना ने महाविद्यालय का निरीक्षण कर कार्यशाला का अवलोकन किया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित काष्ठशिल्प एवं मटपरई शिल्प की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, कौशल एवं नवाचार को महाविद्यालय की विशेष उपलब्धि बताया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा "अमृता" रजत जयंती विशेषांक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा प्रतिमा एवं बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र जयंत ने पत्रिका में प्रकाशित अपनी स्वरचित कविताओं का भावपूर्ण पाठ किया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने खूब सराहा। अंत में अतिथियों का शाल, महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डी. के. मस्ता ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशानी, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही विद्युत कटौती ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। जिला मुख्यालय से मात्र 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम ओरमा, मेड़की और बघमरा के ग्रामीण इन दिनों बिजली संकट से जूझ रहे हैं। 45 डिग्री तापमान में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही और गलत लाइन व्यवस्था के कारण आए दिन बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। बताया जा रहा है कि बघमरा मेढकी ओरमा क्षेत्र की बिजली लाइन जगन्नाथपुर–सांकरा से जोड़ दिए है, इसके बाद लाइन बंद होने पर सप्लाई को जुंगेरा लाइन से जोड़ दिया जाता है, जिससे बार–बार फॉल्ट और कटौती की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों की शिकायत है कि बिना किसी पूर्व सूचना के बार–बार बिजली बंद कर दी जाती है, दिन के साथ–साथ रात में भी घंटों कटौती जारी रहती है, भीषण गर्मी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान, बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट भी गहरा गया है, मोटर पंप बंद पड़े हैं, कई बार शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के इस दौर में बिजली कटौती ने हालात बदतर कर दिए हैं। रातभर बिजली नहीं रहने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही, वहीं दिन में गर्मी के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सरपंच मंजूलता साहु ने ओरमा बघमरा मेंड़की की लाइन, बालोद मुख्यालय से जोड़े जाने की मांग की। उन्होने कहा जिला मुख्यालय से लगे गांव होने के बावजूद भी 12 किलोमीटर दूर से लाइन जोड़ने से क्षेत्र में काफी आक्रोश है, उक्त मामले में सरपंच मंजूलता साहू ने कहा कि क्षेत्रवासियों को अनावश्यक विद्युत कटौती से राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि गांव की विद्युत सप्लाई को जिला मुख्यालय की लाइन से जोड़ा जाए ताकि ग्रामीणों को निर्बाध बिजली मिल सके। यदि मांगे नही मानी गई तो वे ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।







**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


# पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) डौंडीलोहारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से किया गया।

कक्षा चौथी में उपलब्ध 4 सीटों के लिए कुल 8 पात्र आवेदन प्राप्त हुए थे। शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार 50 प्रतिशत सीटें बालिकाओं, 25 प्रतिशत सीटें बीपीएल वर्ग तथा 25 प्रतिशत सीटें सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित थीं। इसी आधार पर लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से 4 विद्यार्थियों का चयन किया गया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार अन्य कक्षाओं में सीटों की तुलना में आवेदन कम प्राप्त होने के कारण पात्र विद्यार्थियों को सीधे प्रवेश प्रदान किया गया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत संपन्न कराई गई। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ए.के. साहू, विकासखंड स्रोत समन्वयक दिनेश मालेकर, विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता रोहिणी नायक सहित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संचालन एवं तकनीकी व्यवस्था की जिम्मेदारी कंप्यूटर शिक्षक शशांक साहू ने निभाई। विद्यालय प्रशासन द्वारा चयनित विद्यार्थियों के पालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मूल दस्तावेजों के साथ 13 से 15 मई तक प्रातः 8 बजे से 10 बजे के बीच शाला कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।


